हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live

वर्ष : 01 अंक–233 : जौनपुर, शनिवार 20 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## हर व्यक्ति तक सरकार की उपलब्धियां पहुंचाएगी भाजपा : चुनाव हेतु बनाएगी माहौल

लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता हर व्यक्ति तक उनकी उपलब्धियों को पहुंचाएंगे। इसके लिए महासंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 30 मई से 30 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए प्रत्येक नागरिक से संपर्क व संवाद किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने अवध क्षेत्र की बैठक में महासंपर्क अभियान की रूपरेखा तय की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गरीब कल्याण को समर्पित नौ वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवधि में गरीब के लिए पक्का घर, शुद्ध पेयजल और राशन की उपलब्धता सुनिश्चित हुई। किसान सम्मान निधि शुरू की गई। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। अब महासंपर्क अभियान की सफलता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जुटना है। जनसंपर्क की योजना और क्रियान्वयन का ब्ल्यू प्रिंट तैयार करने के लिए हर जिले में 20 व 21 मई को जिला कार्यसमिति और 22, 23 व 24 मई को मंडलीय कार्यसमिति की बैठक होगी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक व सामरिक रूप से मजबूत हुआ है। बैठक में पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य, अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा सहित अवध क्षेत्र के सांसद, विधायक, मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी सम्मिलित हुए। अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम 29 मई को मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री प्रेस वार्ता और सोशल मीडिया संवाद में हिस्सा लेंगे। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रत्येक शक्ति केंद्र पर योग दिवस कार्यक्रम होंगे। बूथ स्तर पर महासंपर्क अभियान के तहत जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता केंद्र और



राज्य सरकार की उपलब्धियों का पत्रक घर–घर पहुंचाएंगे। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल माध्यम से होने वाले संबोधन को पार्टी के पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता क्षेत्रीय जनता के साथ बूथ स्तर पर सुनेंगे। 80 लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाओं से माहौल बनाने की तैयारी सभी 80 लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाएं होंगी। हर जनसभा में कम से कम 10 हजार लोगों की उपस्थिति होगी। प्रबुद्ध लोगों व व्यापारियों के सम्मेलन आयोजित होंगे। टिफिन बैठक करेंगे सांसद। इसमें विधायक व क्षेत्र में रहने वाले राष्ट्रीय से लेकर मंडल स्तर तक के पदाधिकारी शामिल होंगे। मोर्चों के संयुक्त सम्मेलन आयोजित होंगे। विधानसभा स्तर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मेलन होगा। लोकसभा के अंतर्गत एक बड़े विकास कार्य का अवलोकन। सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन का आयोजन। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 250 विशिष्ट परिवारों की सूची बनाई जाएगी। इसमें पद्म अवार्ड से सम्मानित लोग, खिलाड़ी, कलाकार, उद्योगपति, चिकित्सक, पूर्व न्यायाधीश, शहीद परिवार आदि शामिल होंगे। 21 से 30 जून तक घर–घर संपर्क अभियान चलेगा। 25 जून को पीएम की मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर।

## उद्योग संगठनों की राय : 2000 के नोट बंद करने से कालेधन पर चोट : धंधे पर भी पड़ेगी मार

लखनऊ ब्यूरो : दो हजार रुपये के नोट चलन से बाहर करने के फैसले का उद्योग जगत ने समर्थन किया है। हालांकि यह भी कहा है कि सरकार को ये कदम उठाने की ठोस वजह बतानी चाहिए ताकि जनता में घबराहट न फैले। दो हजार के नोट चलन से बाहर करने के लिए चार महीने का समय दिया गया है। उद्योग जगत का कहना है कि दो हजारी बंद होने से संगठित कारोबार को खास फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि ये सेक्टर पहले ही डिजिटल में जा चुका है। ये फैसला गांव, छोटे जिलों और शहर के मोहल्लों में छोटी–छोटी दुकानें चलाने वाले व्यापारियों को परेशान कर सकता है। घरों में बड़े नोट में छोटी बचत जोड़ने वाले लोग भी भयभीत होंगे। उनकी गाढ़ी कमाई को बचाना सरकार का काम है। कुछ संगठनों ने कहा कि कालेधन पर प्रहार के लिए ये एलान किया गया है। लगातार रिपोर्ट आ रही थीं कि कालेधन का संग्रह बड़ी करेंसी में किया जा रहा है। ये फैसला उनके लिए मुसीबत खड़ी करेगा। उन्होंने ये भी स्वीकार किया कि भले प्रत्यक्ष रूप से कारोबार पर असर न दिखे लेकिन सच तो यह है कि बंदी का प्रभाव पड़ेगा। पहले से ही नहीं है चलन में, इकोनॉमी के लिए यह अच्छा फैसला, ये है विशेषज्ञों की राय सीआईआई के चेयरमैन आकाश गोयनका का कहना है कि कालेधन पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने ये कदम उठाया है। वैसे भी चार साल से दो हजार के नोट छप ही नहीं रहे थे। बाजार में प्रचलन काफी कम था। नोट बदलने के लिए भी पर्याप्त समय दिया गया है। द इंडस इंटरप्रैन्योर (टाई) यूपी के कोषाध्यक्ष राव विक्रम सिंह का कहना है कि इकोनॉमी के लिए यह फैसला अच्छा है। भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार है। कालेधन के संग्रह की वजह से ही हजार का नोट हटाया गया था। दो हजार के नोट जिनके पास अघोषित हैं और भारी मात्रा में हैं, उनके लिए बड़ी चोट होगी। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बाजार में दो हजार के नोट काफी दिख रहे



थे। कालेधन पर अंकुश लगाने के लिए सरकार का यह फैसला है। उम्मीद है कि इस फैसले से साफ–सुथरे लोगों को परेशानी नहीं होगी। प्रोविंशियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (पीआईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज बंका का कहना है कि कोरोना के बाद कारोबार अभी तक पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट पाया है। वैसे भी डिजिटल लेनदेन में नकदी पहले ही घट गई थी। भले कोई न असर हो लेकिन इस तरह के फैसले कारोबार को झटका देते हैं। इंटरप्रैन्योरशिप आर्गनाइजेशन (ईओ) के अध्यक्ष सुदीप गोयनका का कहना है कि दो हजार के नोट केवल 11 फीसदी बचे हैं। ज्यादातर कारोबार डिजिटल फार्म में चला गया है। बिजनेस को इस फैसले के कोई फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन जो कैश में लेनदेन करते हैं और डिजिटल रूप से मजबूत नहीं है, उनके लिए जरूर चुनौती है। अधिकारी व्यापारियों का उत्पीड़न न करें लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा का कहना है कि बाजार में पिछले दो–तीन वर्षों से दो हजार का नोट बहुत कम या न के बराबर आ रहा है। अब सरकार की घोषणा के बाद और ज्यादा आएगा। अधिकारी व्यापारियों का उत्पीड़न न करें। जो रुपये आएगा, वह बैंक जाएगा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रवक्ता सुरेश छबलानी का कहना है कि दरअसल लोगों ने पूरी खबर सुनी या पढ़ी नहीं और घबरा गए। हालांकि सरकार का फैसला अच्छा है। घबराने की जरूरत नहीं, सरकार ने पैसे जमा करने का मौका दिया है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता का कहना है कि 2000 रुपये का नोट बंद होने से बाजार पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते देश को कोई समस्या नहीं होगी। जो काला धन जमा करते हैं, उन्हें दिक्कत होगी।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## हिंदू युवती को अगवा कर बेचने ले जा रहे चार गिरफ्तार

लखनऊ ब्यूरो : रहीमाबाद इलाके की हिंदू युवती को अगवा कर बेचने जा रहे चार आरोपियों को पुलिस ने विशेष ऑपरेशन चलाकर दबोच लिया। पश्चिम जोन की पुलिस ने 4.30 घंटे की कड़ी मशक्त के बाद युवती को हरौनी रेलवे स्टेशन पर अवध–असम ट्रेन से सकुशल बरामद किया। साथ ही चार आरोपियों को दबोच लिया, जबकि एक आरोपी फरार है। पूछताछ में आरोपियों ने युवती को बेचने की बात कुबूली है। पुलिस धर्मांतरण के लिए दबाव डालने के आरोप की पड़ताल कर रही है। इस ऑपरेशन में करीब 125 पुलिसकर्मी लगाए गए थे।एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों में आमिर, जाबिर, नादिर व वहाब है। पिता जाबिर और उसका बेटा आमिर ठाकुरगंज के रहने वाले हैं, जबकि नादिर व वहाब उन्नाव के हैं। पूछताछ में चारों ने कुबूला कि आमिर ने हिंदू युवक बनकर युवती से दोस्ती कर प्रेम संबंध बनाए। उस पर लगातार धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था, लेकिन युवती उसकी बातों को अनसुना कर रही थी। युवती ने पुलिस को बताया कि आमिर कई बार उसे लखनऊ व आसपास के जिलों में घुमाने ले गया और संबंध भी बनाए। वह अक्सर धर्म बदलने का दबाव बनाता था।

## एडवेंचर यात्रा पर निकले दंपती की सड़क हादसे में मौत

लखनऊ ब्यूरो : बाराबंकी के लोनी कटरा व गोसाईंगंज के बीच पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह बाइक सवार दंपती डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में सुब्रत सान्याल (50) व उनकी पत्नी परमिता (46) की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, दोनों मंगलवार को कोलकाता से लद्दाख की एडवेंचर यात्रा पर निकले थे। पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से पश्चिम बंगाल कोलकाता के नाकताला के रहने वाले सुब्रत सान्याल अपनी पत्नी परमिता के साथ एडवेंचर जर्नी के लिए मंगलवार को कोलकाता से लद्दाख जाने के लिए निकले थे। सुब्रत पेशे से इंजीनियर है, जबकि पत्नी इंटीरियर डेकोरेटर का काम करती थीं। उनके दो बेटे हैं। एक इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है तो दूसरा 9वीं का छात्र है। दोनों बाइक से बाराबंकी के रामपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर पहुंचे थे। शुक्रवार सुबह करीब छह बजे उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस–वे के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि सुब्रत हादसे के बाद छिटककर सड़क पर गिर गए, जबकि परमिता हवा में उछलकर एक्सप्रेस–वे से नीचे सर्विस रोड पर आ गिरीं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बाराबंकी की लोनी कटरा पुलिस ने घायल दंपती को सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। लोनी कटरा प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के मुताबिक, दोनों के पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई है। शनिवार को परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में गत देर सायं अमृत सरोवर के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में देर सायं अमृत सरोवर के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा ब्लॉकवार समीक्षा की गई और अमृत सरोवर निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके विकासखंड में बन रहे हैं अमृत सरोवर का शत–प्रतिशत निरीक्षण कर ले। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को भी अमृत सरोवर का निरीक्षण करने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि अमृत सरोवर प्राथमिकता का कार्य है जिसे गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मनरेगा जॉब कार्ड धारक जिनमें आधार कार्ड लिंक नहीं है जल्द से जल्द लिंक करवा ले, सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि मृतक जॉब कार्ड धारक का नाम जल्द से जल्द हटाया जाए। जिलाधिकारी ने कहां की आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, प्रतिदिन आईजीआरएस की शिकायतों की समीक्षा करते हुए समुचित रिपोर्ट लगाते हुए निस्तारित करें, किसी भी



दशा में डिफाल्टर न होने दें। सभी लेखपालों को संपत्ति रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि कानूनगो के स्तर पर लंबित आख्या एवं बयान की प्रतिदिन समीक्षा की जाए। रिकॉर्ड रूम में सीसीटीवी लगवाया जाए। नायब तहसीलदार के माध्यम से आरसी की वसूली में तेजी लाई जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर डी यादव, समस्त उप जिलाधिकारीगण एवं खण्ड विकास अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा तहसील बदलापुर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील बदलापुर सभागार में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर मौजूद फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाये। इस मौके पर 77 फरियादियों द्वारा प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें मौके पर ही 11 शिकायती प्रार्थना–पत्र का निस्तारण किया गया एवं टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारित कराने का निर्देश दिया गया। समाधान दिवस के अवसर पर रामफेर यादव ग्राम मछलीगांव बदलापुर के द्वारा गांव के ही फूलचंद्र द्वारा ग्रामसभा के जमीन पर अवैध रूप से कब्जे का आरोप लगाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं चकबंदी की टीम को मौके पर जाकर निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। नीरज सिंह पुत्र अलगू सिंह द्वारा रास्ते के विवाद के संबंध में जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया जिस पर जिलाधिकारी ने पीडी जयकेस त्रिपाठी को निर्देश दिया कि मौके



पर जाकर जांच कर उचित कार्यवाही करें। जमीन विवाद संबंधित शिकायती प्रकरण को पुलिस एवं राजस्व की टीम बनाकर मौके पर जाकर नियमानुसार निस्तारित करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में जमीन, शौचालय, राशन, आवास सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई जिसपर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने का निर्देश दिया साथ ही यह भी निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण ऐसा किया जाए जिससे शिकायतकर्ता को दुबारा शिकायत न करना पड़े। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह, पी०डी० जयकेश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी बदलापुर ऋषभ पुंडीर, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कृति पब्लिक स्कूल में मेघावी छात्र सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कृति पब्लिक स्कूल भगवानपुर में आज सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह



की अध्यक्षता विद्यालय प्रबन्धक हिमांशु सिंह जी एवं प्रधानाचार्या डा फरजाना शकील अली ने की। उन्होंने सभी को बच्चों के उत्तम परीक्षा परिणाम की बधाई दी और उनके अथक परिश्रम की प्रशंसा की। अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए प्रबंधक हिमांशु सिंह जी ने कहा कि बच्चों को अपनी रुचि अनुसार विषय का चयन करना चाहिए और अपने निर्धारित लक्ष्य को पाने के लिए निरन्तर प्रयास करें। सम्मानित छात्र छात्राओं को नकद धनराशि ईनाम स्वरूप मिली। पल्लवी वर्मा ,प्रज्ञा गुप्ता ,शैल पांडे, वर्तिका कश्यप,उर्वी जैन,कृतिका शर्मा, आर्यन जयसवाल,श्रुति सिंह, कृतिका सोनी,जयशिव त्रिपाठी,अधिराज प्रताप सिंह,जानवी गुप्ता को टाप दस मेघावी घोषित किया गया। प्रधानाचार्या डा फरजाना शकील अली ने अपने बधाई संदेश में सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया और कक्षा ग्यारहवीं के लिए अपने भविष्य और कैरियर को ध्यान में रखते हुए एक्शन प्लान बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सदा बच्चों की उत्तम शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती रही है।इस सत्र से विज्ञान और कामर्स विषयों में कक्षा ग्यारहवीं की पढ़ाई आरम्भ हो गयी है और क्षेत्रवासियों के लिए एक अच्छा चयन कृति पब्लिक स्कूल है।

## अनियंत्रित हाइड्रा ने साइकिल सवार श्रमिक को कुचला : मौत

सोनभद्र ब्यूरो : बीजपुर थाना अंतर्गत स्थानीय रिहंद परियोजना क्षेत्र में शुक्रवार की रात अनियंत्रित हाइड्रा की चपेट में आने से साइकिल सवार श्रमिक की मौत हो गई। शिफ्ट ड्यूटी के बाद घर जाते समय साइड के समीप ही हादसा हुआ। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिहार के पटना जिले के बेलछी थाना क्षेत्र निवासी जितेंद्र कुमार (27) पुत्र अवधा प्रसाद यहां डोडहर में किराए का कमरा लेकर अपने भाई के साथ रहता था। वह रिहंद परियोजना में यूपीएल के माध्यम से श्रमिक के रूप में स्टेज 3 के ऑपरेशन डिपार्टमेंट में सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से कार्य करता था। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में रिहंद परियोजना परिसर से अपने आवास पर जाने के लिए निकला था। साइड के समीप ही सामने से आ रही तेज रफ्तार



हाइड्रा ने साइकिल सवार श्रमिक को कुचल दिया। आनन फानन में लोग उसे एम्बुलेंस के माध्यम से रिहंद धन्वंतरि चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सीएचसीभेज दिया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रिहंद परियोजना क्षेत्र में हाइड्रा की चपेट में आने से साइकिल सवार श्रमिक की मौत हुई है। हाइड्रा व चालक की पहचान कर पुलिस जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत : ग्रामीणों ने किया हंगामा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहा थाना सराय मोहद्दीनपुर चौकी क्षेत्र के बूढ़पुर गांव के पास ट्रैक्टर के चपेट में आने से साइकिल सवार युवक की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने शव उठाने के लिए पुलिस को किया मना घंटों मशक्कत के बाद पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजी। बताया जाता है कि बीती रात सीताराम बिंद 50 निवासी नगहरा( डेहरी )थाना सरपतहा किसी निजी कार्य के लिए बूढ़ूपुर साइकिल से जा रहे थे सामने से सरिया सीमेंट बालू लादकर आ रहे टैक्टर के चपेट में आ जाने से मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव को कब्जे में लेकर हंगामा शुरू कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों व कुछ संभ्रांत लोगों के बीच बचाव के घंटों मशक्कत के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया वही पुलिस ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने लाई और विधिक कार्यवाही में जुट गई।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

ऐसा जीवन जीयो कि अगर कोई आपकी बुराई भी करे तो लोग उस पर विश्वास न करें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# ऐसा क्यों: धीरेंद्र शास्त्री का विरोध : पीएफआई पर चुप्पी

16 मई 2023 की हनुमत् कथा के क्रम में बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र बनाने का अहिंसक रोडमैप रामभक्तों के सामने रखा। उन्होंने कहा–

यदि 13 करोड़ बिहारियों में से 5 करोड़ हिंदू भी घर पर महावीरी ध्वज फहराएं और प्रतिदिन माथे पर तिलक लगाकर निकलें, तो भारत हिंदू राष्ट्र की ओर अग्रसर होगा। और जब तक बिहार राममय नहीं होगा, तब तक मैं यहां आता रहूंगा। बिहार से ही हिंदू राष्ट्र अभियान का शुभारम्भ होगा।

बाबा के इस वक्तव्य को 2024 के संसदीय चुनाव से जोड़ कर देखने वाले सेक्युलर दल बड़ी चुनौती मान रहे हैं। इसीलिए उनका विरोध कड़े शब्दों में और पोस्टर पर 'चोर' लिखने जैसे निचले स्तर पर उतर कर किया गया। इन दलों को धीरेंद्र शास्त्री से संविधान को खतरा लगता है, लेकिन पीएफआई से नहीं।

बिहार में 9 अगस्त 2022 से उन सात सेक्युलर दलों के महागठबंधन की सरकार है, जिनमें सभी इस बात पर सहमत हैं कि इस देश में सनातन धर्म या इसके किसी पंथ में अपनी आस्था का प्रवर्तन करना 'साम्प्रदायिकता' है, लेकिन अन्य किसी पंथ , विशेष कर इस्लाम का प्रचार–प्रसार और उसके रीति–रिवाज का पालन करना 'सेक्युलरिज्म' है।

ऐसे निपट विपरीत राजनीतिक परिवेश में हनुमानजी के भक्त और स्वामी रामभद्राचार्य के युवा शिष्य पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने जब सेक्युलर सरकार की नाक के नीचे, यानी राजधानी पटना के निकट नौबतपुर के तरेलपाली मठ में 13 से 17 मई तक, पांच दिन हनुमत्–कथा सुनाने की घोषणा की, तब से ही उनका राजनीतिक विरोध होने लगा, बिहार में राजनीति गरमा गई। प्रवचनकर्ता तो देश में अनेक हैं और सैकड़ों स्थानों पर हर साल धार्मिक प्रवचन होते रहते हैं, लेकिन बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री का ऐसा प्रबल विरोध क्यों?

विरोधियों के लिए टेढ़ी खीर बने बाबा

तो उत्तर यह है कि शास्त्री अपने प्रवचनों के मंच से केवल भक्ति की बात नहीं कर रहे, वे केवल पीड़ित–आर्त प्राणियों का निवेदन (अर्जी) अपने आराध्य तक नहीं पहुंचाते, बल्कि सनातनी भक्तों के विशाल समुदाय की राजनीतिक अभिलाषा को भी ऊंचे स्वर में वाणी देते रहे हैं। वे हिंदू राष्ट्र के लिए लोगों को 'उत्तिष्ठ जागृत' करने में लगे हैं, इसलिए वे सारे लोग उनके विरुद्ध हैं, जिनके लिए जमीनी सियासत में पंथनिरपेक्षता का अर्थ देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय को खुश करना, यहां तक कि उनके बीच पलते आपराधिक–आतंकी तत्वों ( तीक अहमद, शहाबुद्दीन, अफजल ) का भी मौन समर्थन करना और उनके एकजुट वोट से सत्ता पाना रहा है।

1980–90 के दशक में जब अयोध्या में रामजन्म भूमि पर मंदिर बनाने के लिए आंदोलन चरम पर था, तब भाजपा के वरिष्ठ नेता डाक्टर मुरली मनोहर जोशी से किसी पत्रकार ने पूछा था कि एक राजनीतिक दल के नाते आप मंदिर का समर्थन क्यों कर रहे हैं? इस पर डा.जोशी ने कहा था कि जब तक मंदिर का राजनीतिक विरोध होता रहेगा, तब तक हम मंदिर पुनर्निर्माण का राजनीतिक समर्थन करते रहेंगे।

पटना में धीरेंद्र शास्त्री की कथा के पूर्ण होने तक ऐसा ही वातावरण बना रहा। राजद, जदयू, कांग्रेस सहित पूरा सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान बाबा के बिहार आने का विरोध करता रहा, जबकि अकेली भाजपा उनके समर्थन में डटी रही। जिस समागम में रोज लाखों लोग जुटे, उसके लिए प्रशासन ने पहले पटना में गांधी मैदान देने से इनकार किया, फिर बिजली–पानी, सफाई, सुरक्षा, परिवहन, आश्रय जैसी बुनियादी जिम्मेदारियों से भी हाथ खींच लिए।

भीषण गर्मी के कारण कथा स्थल पर कई श्रद्धालु बीमार पड़े। इतना ही नहीं, बाबा बागेश्वर के प्रति आदर प्रकट करने के लिए जब भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने उनकी गाड़ी चलाई, तब उन पर यातायात नियमों का हवाला देकर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

16 मई की रात तो सरकार का हिंदू–द्वेष राजधानी में स्पष्ट अनुभव किया गया, जब सरकार–समर्थक या सत्ता–प्रेरित शरारती लोगों ने बाबा बागेश्वर के पोस्टरों पर कालिख पोती और उन्हें चोर420 तक कहा। क्या किसी दूसरे धर्म के उपदेशक का ऐसा अपमान किया जा सकता है?

यह दुस्साहस तब दिखाया गया, जब स्थानीय सरकार और जिला प्रशासन के असहयोग के बावजूद औसतन 8–10 लाख लोग प्रतिदिन बाबा बागेश्वर के दर्शन और कथा–श्रवण के लिए पहुंचते रहे थे, 40–42 डिग्री तापमान वाली गर्मी सहते हुए।

16 मई तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद , पूरा लालू परिवार और वामपंथी दल– सभी राजनीतिक विरोधी बाबा बागेशर की कड़े शब्दों में निंदा कर चुके थे। नीतीश कुमार ने कहा कि संविधान के विरुद्ध बात की जा रही है।

पीएफआई का विरोध क्यों नहीं?

इनमें से किसी दल या नेता ने गजवा–ए–हिंद यानी भारत को मुस्लिम मुल्क बनाने के हिंसक रोडमैप पर काम करने कारण प्रतिबंधित पीएफआई का कभी विरोध नहीं किया। सच तो यह है कि जुलाई–2022 में मोदी सरकार के पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने से पहले बिहार में इस आतंकी संगठन का बड़ा नेटवर्क तैयार हो चुका था। यह विगत 30 साल के लालू–नीतीश राज में इस्लामी आतंकियों के प्रति राज्य सरकार के नरम रुख का घातक परिणाम था।

पीएफआई का घोषित उद्देश्य है– हथियारों के बल पर भारत को 2047 तक इस्लामिक देश बना देना। इसके बावजूद पीएफआईके राजनीतिक संगठन एसडीपीआई से साठगांठ करके कांग्रेस ने हाल में कर्नाटक विधान सभा चुनाव जीता है। 2018 में भी एसडीपीआई का कांग्रेस से चुनावी तालमेल था।

इधर बाबा धीरेंद्र शास्त्री जब केवल शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प दुहराते हैं, तब उनका उग्र विरोध होने लगता है। धीरेंद्र यह नहीं कहते कि हम हथियारों के बल पर हिन्दू राष्ट्र बनाएंगे, पर जो संगठन हिंसा और हथियारों के बल पर संविधान को कुचल देना चाहते हैं, उनके प्रति मौन समर्थन और हिंदू राष्ट्र की बात करने वाले संत का उग्र विरोध आखिर किस दोहरेपन का प्रमाण है?

राजनीति में बहुसंख्यक वर्ग की धार्मिक अस्मिता का मुद्दा उठा कर धीरेंद्र शास्त्री बिहार की बहुदलीय राजनीति को दो–ध्रुवीय बनाने की नींव रख लौट गए हैं। इस पर हिंदू समाज की क्या प्रतिक्रिया होगी और जो लाखों लोग उनका प्रवचन सुनने आए, वे हिंदू राष्ट्र के लिए किसी दल को एकमुश्त वोट देंगे या नहीं, यह तो समय ही बताएगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

## कोरोना संकट के दौरान किया खेलः चहेती कंपनियों को अधिकारियों ने दिया करोड़ों का काम : शिकायत करने पर गिराई गाज

लखनऊ ब्यूरो : स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कोरोना संकट के दौरान अपनी चहेती कंपनियों को काम देने के लिए सारे नियम–कानून ताक पर रख दिए थे। विरोध करने वाले की कंपनियों का भुगतान रोक दिया और उसको ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। कंपनी संचालकों ने जब लोकायुक्त को शिकायत की तो जांच में अधिकारियों की करतूतें सामने आने लगीं। जांच में पता चला कि स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद, विशेष सचिव प्रांजल यादव, संयुक्त सचिव प्राणेश चंद्र शुक्ला, अपर निदेशक विद्युत महानिदेशालय डीके सिंह और चिकित्सा विभाग के अनुभाग अधिकारी चंदन कुमार रावत ने मिलीभगत कर तीन चहेती कंपनियों को करोड़ों रुपये के काम सौंप दिए। हाईकोर्ट के अधिवक्ता महेश चंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक तत्कालीन अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने कई कंपनियों को ब्लैक लिस्ट कर उनका भुगतान रोक दिया। इसमें उनकी पत्नी रविन्दर कौर श्रीवास्तव की आर क्यूब ग्रुप ऑफ कंपनीज भी थी। इनमें से कुछ कंपनियों को स्वास्थ्य विभाग का कोई कार्य आवंटित नहीं हुआ था, फिर भी उनको दोषी करार दिया गया। इतना ही नहीं, अमित मोहन प्रसाद ने यूपी सिडको, उप्र आवास एवं विकास परिषद, कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन




सर्विसेज, यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लि. आदि के प्रबंध निदेशक व अन्य अधिकारियों पर दबाव बनाते हुए कंपनियों का बकाया भुगतान करने से रोका। महेश का कहना है कि लोकायुक्त ने अपनी रिपोर्ट राज्यपाल को भी सौंपा गया है। चश्मे की दुकान वाले को दिया फायर फाइटिंग का काम महेश चंद्र का आरोप है कि तत्कालीन अपर मुख्य सचिव ने अपनी चहेती कंपनियों लखनऊ ऑप्टिकल, सरस्वती इंटरनेशनल और कंसर्न मेडिकल को करोड़ों रुपये के काम दिए। इसमें से लखनऊ ऑप्टिकल चश्मे की दुकान चलाती है, जो फायर फाइटिंग के काम में दक्ष नहीं थी। उन्होंने इसकी शिकायत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, लोकायुक्त आदि से की थी।

## प्रेमी से मिलने का विरोध करने पर ससुर का किया कत्ल : बुजुर्ग के पोते ने बयां की बेरहम मां की सच्चाई

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के नगराम के एक गांव में रहने वाले एक बुजुर्ग की शरबत में जहर देकर हत्या की दी गई। हत्या का आरोप बुजुर्ग की बहू और उसके प्रेमी पर लगा है। मृतक के बेटे ने अपनी पत्नी व उसके प्रेमी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी ने युवक के साथ मिलकर पिता को जहर देकर मार दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका और विसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। नगराम के रसूलपुर गांव में 65 वर्षीय बुजुर्ग भरत परिवार संग रहते थे। बुजुर्ग के बेटे नीरज के मुताबिक, बृहस्पतिवार को वह काम करने बाहर गया हुआ था। घर पर पत्नी मालती और तीनों बच्चे मौजूद थे। देर रात जब वह लौटा तो पिता को घर के बाहर बरामदे में जमीन पर पड़ा देखा। उसने पास जाकर देखा तो पता चला कि पिता की मौत हो चुकी थी। नीरज ने पत्नी से सवाल–जवाब किया तो वह गोलमोल जवाब देने लगी। इस पर नीरज के बेटे शिवा ने बताया कि मां से मिलने के लिए गांव में रहने वाला रंजीत नाम का युवक आया था। इसके बाद मां ने दादा को शरबत बनाकर दिया था। शरबत पीने के बाद दादा की अचानक तबीयत खराब हो गई। वह उल्टियां करने लगे और फिर जाकर लेट गए। बेटे ने यह भी बताया कि मां ने उल्टी की जगह को पानी से धो भी दिया था। बेटे की बात सुनने के बाद नीरज



ने फौरन सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार सुबह नीरज ने पत्नी मालती और उसके प्रेमी रंजीत के खिलाफ पिता को जहर देकर उनकी हत्या करने का केस दर्ज कराया। पीड़ित का आरोप है कि पत्नी के रंजीत से अवैध संबंध हैं। इसका पता उसके पिता को था और वह इस बात का विरोध करते थे। इसी के चलते पत्नी ने वारदात अंजाम दी। इंस्पेक्टर हेमंत कुमार का कहना है कि हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। बुजुर्ग भरत के दो बेटे सुनील व नीरज हैं । नीरज का विवाह बलसिंह खेड़ा गांव निवासी दुखीराम की लड़की मालती से हुआ था। दंपती के एक बेटा शिवा व दो बेटियां रचना व स्वाति हैं। बड़े बेटे सुनील की पत्नी ज्ञानवती अपने मायके में रहती है। करीब 15 साल पहले भरत की पत्नी की मौत हो चुकी है।

## शोध एवं उच्च स्तरीय अध्ययन को छात्र छात्राएं अपनाएं –डॉ. विभोर मिश्रा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में विज्ञान विषय से जुड़े छात्र छात्राओं के लिए "एक्सप्लोरिंग करियर ग्रोथ इन यूनाइटेड स्टेटस फॉर साइंस ग्रेजुएट्स" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का उद्देश्य विज्ञान से जुड़े युवा छात्र छात्राओं को अमेरिका जैसे देशों में कैरियर प्रोस्पेक्ट से अवगत कराना था। इस क्रम में महाविद्यालय में इंडियाना यूनिवर्सिटी, ब्लूमिंगटन, यू.एस.ए. से आए वैज्ञानिक, डॉ. विभोर मिश्रा ने छात्र छात्राओं को यूएसए जैसे देश में विज्ञान के क्षेत्र में कैरियर शुरू करने से संबंधित अनेकों महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि, विज्ञान और वैज्ञानिक अध्ययनों के लिए अपनी उत्सुकता हमेशा जीवंत बनाए रखिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि, सभी को सीएसआईआर परीक्षा जरूर उत्तीर्ण करनी चाहिए। इसके बाद सीडीआरआई, सीमैप या टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च जैसे अच्छे संस्थानों से अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखनी चाहिए। उन्होंने छात्र छात्राओं को रिसर्च पेपर एवं पब्लिकेशन पर कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि, इसके बाद यूएस की अनेक यूनिवर्सिटी में उन्हें व्याख्यान देने का और जुड़ने का मौका मिल सकेगा और वे चाहे तो इसी क्षेत्र में यूएस में अपना कैरियर भी आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि, शोध एवं उच्च स्तरीय अध्ययन को छात्र–छात्राएं अपनाएं। उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि, कोरोना काल में अमेरिका में भी काफी सारे लोग प्रभावित हुए थे, क्योंकि वहां ज्यादातर लोग आइसोलेशन में रहना पसंद नहीं करते और वहां के लोगों में मिलने जुलने की और पब्लिक प्लेसेस पर जाने की संस्कृति है। बंदिश मे रहना उन्हें पसंद नहीं। इस कारण से अमेरिका में अनेकों



उपायों के बावजूद कोरोना तेजी से फैला। उन्होंने बताया कि, कोरोनावायरस के म्यूटेशन पर एक अध्ययन के दौरान पाया गया कि इसमें 1000 से अधिक तरीके से म्यूटेशन होते हैं। लेकिन हम लोगों ने उन्हीं म्यूटेशंस पर फोकस किया जिनसे हानि होने की संभावना ज्यादा होती थी। उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि, वायरस अध्ययन के लिए वहां के सीवर के पानी का सैंपल लेते थे। कोरोना से लड़ने में शोध और अनुसंधान ने ही मदद की। उन्होंने छात्र छात्राओं को रिसर्च के लिए आगे आने को प्रेरित किया। व्याख्यान के दौरान छात्र–छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उन्होंने सिलसिलेवार उत्तर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय उप प्राचार्य, प्रो विनोद चंद्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। प्रो एसपी शुक्ला, प्रभारी, विज्ञान संकाय ने व्याख्यान के विषय में छात्र छात्राओं को अवगत कराया। व्याख्यान के समापन पर प्रो राजीव मिश्रा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रो अलका शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विभाग प्रमुख, प्रो आरके श्रीवास्तव, प्रो अजय मिश्रा, प्रो आर के पांडेय, प्रो पुष्पा विश्वकर्मा सहित विज्ञान संकाय के अनेक शिक्षक एवं छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एफसीआई अफसर की पत्नी की घर में गला रेतकर दिनदहाड़े हत्या : कातिलों ने डेढ़ साल की बेटी को छुआ तक नहीं

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के चिनहट के भरवारा में एफसीआई अफसर की पत्नी की शुक्रवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। उनके पेट पर भी वार किया गया। घटना के वक्त अनामिका की डेढ़ साल की बेटी भी घर पर थी, पर हत्यारों ने उसे छुआ तक नहीं। दोपहर में बच्चों को स्कूल से लेकर लौटी किरायेदार को घटना का पता चला। इसके बाद अनामिका को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। सीसीटीवी कैमरे में मिली फुटेज के आधार पर पुलिस एक संदिग्ध की तलाश में जुटी है। हत्या की वजह साफ नहीं हो सका है। शक के दायरे में एक टेलीकॉम कंपनी का कथित कर्मचारी है, जो दोपहर में अनामिका के घर आया था। एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास के मुताबिक मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी आदर्श कुमार विभूति खंड स्थित एफसीआई मुख्यालय में एजी–।। (टेक) के पद पर हैं। वह पत्नी अनामिका (35) और बेटी के साथ भरवारा के मकान में रहते हैं। इसकी तीसरी मंजिल पर पूजा नाम की महिला ढाई साल से पति व दो बच्चों के साथ रह रही है, जबकि आदर्श दूसरी मंजिल में रहते हैं। नीचे का फ्लोर खाली है। दोपहर 12.40 बजे बच्चों को लेने स्कूल गई पूजा कुछ देर बाद लौटी। इस दौरान अनामिका के कराहने की आवाज सुनकर उनके कमरे में पहुंची तो देखा वह खून से लथपथ पड़ी थीं। गले व पेट पर चाकू से वार के निशान थे। इस पर पूजा



ने शोर मचाया। यह सुनकर उसका पति और मोहल्ले के लोग जमा हो गए। आदर्श कुमार को सूचना देने के साथ अनामिका को सहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। दोपहर करीब तीन बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना के बाद डीसीपी पूर्वी हृदेश कुमार व तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य भी जुटाए। इसके बाद चिनहट पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घर में आते व जाते दिखा संदिग्ध एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे में दोपहर डेढ़ बजे के आसपास एक संदिग्ध युवक दिखा जो आदर्श कुमार के घर के अंदर और फिर बाहर जाता दिखा। उसके हाथ में एक बैग भी था। पुलिस ने आसपास के लोगों को फुटेज दिखाई पर कोई युवक को पहचान नहीं सका। अब पुलिस उसके बारे में पता लगा रही है।

# लाखों में कारोबार करने वालों को करोड़ों का नोटिस : कारोबारियों की नींद उड़ी

लखनऊ ब्यूरो : जीएसटी रिटर्न की जांच के बाद सॉफ्टवेयर द्वारा भेजे जा रहे नोटिस ने कारोबारियों की नींद उड़ा दी है। लाखों रुपये के टर्नओवर वाले छोटे–छोटे व्यापारियों को करोड़ों रुपये के नोटिस भेज दिए गए। जिसने इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) नहीं लिया, उससे भी आईटीसी का हिसाब मांगा है। बड़ी संख्या में शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए राज्य कर आयुक्त मिनिस्ती एस ने इस तरह के नोटिस वापस लेने के निर्देश दिए हैं।जीएसटी रिटर्न की स्क्रूटनी के बाद नोटिस डाउनलोड करने के लिए ऑनलाइन माड्यूल बनाया गया है। इस सिस्टम से ऑनलाइन नोटिस डाउनलोड की जा रही हैं और पोर्टल से करदाताओं को भेजा जा रहा है। यहां सॉफ्टवेयर कन्फ्यूज हो गया और बड़ी संख्या में गलत नोटिस भेज दीं। ऐसे करदाता जिनका टर्नओवर ही महज 40–50 लाख का है, उन्हें करोड़ों रुपये की नोटिस भेज दिया। ये व्यापारी जीएसटीआर–9 और जीएसटीआर–9सी के दायरे में नहीं आते हैं लेकिन उन्हें बिक्री और कर में अंतर बताकर नोटिस जारी कर दिए गए। इसी तरह दो करोड़ रुपये से कम टर्नओवर वाले व्यापारियों पर जीएसटीआर–9सी लागू नहीं है, पर उन्हें भी कटघरे में खड़ा कर दिया गया। ऐसे व्यापारियों पर टैक्स निकाल दिया गया, जिन्हें छूट दी गई थी। इतना ही नहीं जिन कारोबारियों ने केवल सेवा दी है और कोई इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) क्लेम ही नहीं लिया,




उनसे भी पूछा गया कि आईटीसी क्यों ले ली। साक्ष्य के दायरे से बाहर वाले व्यापारियों से भी ऑनलाइन सिस्टम ने साक्ष्य मांग लिए। पूरे प्रदेश से शिकायतों की बाढ़ के बाद स्टेट जीएसटी कमिश्नर ने तत्काल ऐसे मामलों को खत्म करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी एडिशनल कमिश्नरों से कहा है कि जिन व्यापारियों को नियम विरुद्ध नोटिसें भेजी गई हैं, उनमें तत्काल संशोधित कराएं। इसी तरह कभी आईटीसी न लेने वाले व्यापारियों से भी आईटीसी के बारे में पूछ लिया गया है, जो गलत है। इस तरह के सभी मामलों को तत्काल दूर कर व्यापारियों को राहत देने के निर्देश दिए गए हैं। क्या होता है जीएसटीआर जीएसटीआर 9 एक ऑडिट फॉर्म है, जिसे दो करोड़ रुपये से ज्यादा के टर्नओवर वाले कारोबारियों को भरना होता है। इसी तरह 5 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार करने वाले व्यवसायियों के लिए जीएसटीआर 9सी फॉर्म भरना होता है।

## अमर बलिदानी सुरेंद्र मिश्र की बीसवीं पुण्यतिथि मनाई गई : समाधि पर हिंदू संगठनों के नेताओं ने अर्पित की श्रद्धा सुमन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगुपुर(गोंडा)। पूर्व सैनिक व बजरंग दल के जिला संयोजक रहे सुरेंद्र मिश्र की 20 वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस दौरान विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।खरगुपुर नगर पंचायत के निकट भगवानदीन पुरवा गांव में पूर्व सैनिक व बजरंग दल जिला संयोजक रहे सुरेंद्र मिश्र की पुण्य तिथि पर शनिवार को उनके आवास से सैकड़ों लोगों ने जुलूस निकालकर सुरेंद्र मिश्र अमर रहें, अमर बलिदानी अमर रहे के जयघोष के साथ समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।श्रद्धांजलि सभा में दीप प्रज्वलन के बाद मुख्य अतिथि विहिप के केंद्रीय मंत्री गोपाल जी व क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी सहित सभी लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौरासी कोसी परिक्रमा प्रमुख सुरेन्द्र सिंह,बजरंग दल के प्रांतीय नेता राकेश वर्मा,प्रांत संयोजक महेश तिवारी ने उनके द्वारा गौरक्षा सहित हिन्दू हितों के लिए किये कार्यों की सराहना की और उनके द्वारा छूटेअधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया।यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।वक्ताओं ने कहा कि इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही गौवध को रोकने के साथ ही हिन्दू समाज पर होने



वाले अत्याचारों का विरोध करने के चलते सुरेंद्र मिश्र की 20 मई 2003 को असामाजिक तत्वों द्वारा दिन दहाड़े नृशंस हत्या कर दी गयी थी।वक्ताओं ने लोगों से गौरक्षा के साथ ही हिन्दू रक्षा का संकल्प लेने का आवाहन किया।कार्यक्रम में आयोजक धर्मेंद्र मिश्र, प्रशांत मिश्र,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव रस्तोगी,जगदीश मिश्र,पदुमनाथ शुक्ला,सुरेश पांडे,पवन शुक्ला,ललित मोहन तिवारी,वेद प्रकाश गुप्ता,सूरज देवराज,प्रभात मिश्र,फूल चंद गुप्ता,आयुष मिश्र,राकेश शुक्ला,संतोष श्रीवास्तव,राघवेंद्र प्रताप सिंह,सुखराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त अन्य लोग शामिल हुए।

## दो गांव के लोगों में जमकर हुई मारपीट : लहराए गए असलहे : एक पिस्टल बरामद : कई घायल

वाराणसी ब्यूरो : बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत मिट्टी खनन को लेकर औसानपुर और इंदरखापुर गांव के लोगों के बीच शनिवार की सुबह में मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष के लोगों द्वारा असलहे भी लहराए गए। मारपीट में दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची बड़ागांव थाने की पुलिस दोनों पक्ष के लोगों को पकड़कर थाने ले गई। दोनों पक्ष की तरफ से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जानकारी अनुसार औसानपुर गांव के रहने वाले भूपेंद्र कुमार सिंह गांव में वरुणा नदी के किनारे अपने खेत से मिट्टी की खुदाई करवा रहे थे। उनके एक खेत से सटा हुआ खेत इंदरखापुर गांव के रहने वाले अनुज सिंह और गौतम सिंह का खेत है। बगल के खेत में खनन करवाते हुए मिट्टी निकाले जाने की सूचना जब गौतम सिंह के लोगों को हुई तो वे लोग औसानपुर गांव में पहुंच गए। बताया जा रहा है कि वहां पहुंचने के बाद लोगों ने ट्रैक्टर चालक और मजदूरों को गाली देना शुरू कर दिया। सूचना मिलने के बाद भूपेंद्र सिंह और मनोज सिंह वहां पहुंचे और अनुज व गौतम को गाली देने से रोकने लगे। मना करने पर दोनों पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी प्रारंभ हो गई। इस दौरान दोनों पक्ष के लोगों में हाथापाई भी हुई। सूचना मिलने के बाद अनुज सिंह और गौतम सिंह के गांव से ओम सिंह, सम्मान सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक लोग असलहा और लाठी डंडा लेकर औसानपुर में पहुंच गए। इस दौरान असलहा लहराते हुए लोग जान से मारने की धमकी देने लगे। गाली गलौज सुनकर औसानपुर गांव से काफी संख्या में लोग वहां पहुंच गए और असलहा लहराते हुए धमकी दे रहे लोगों को पकड़कर उनकी जमकर पिटाई कर दिए। इस दौरान अनुज और गौतम पक्षा के लोग खुद को घिरता देख वहां से पैदल ही भागने लगे। भागते समय एक युवक को ग्रामीणों ने पिस्टल समेत पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी, जबकि दूसरा युवक असलहा लहराते हुए पैदल ही भाग निकला। उसके बाद गुस्साए लोगों ने चार मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि इस



दौरान दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। पिटाई करने के बाद ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। दो गांव के लोगों में मारपीट और असलहा पकड़े जाने की सूचना मिलने के बाद गांव में बड़ागांव थाने की पुलिस के अलावा पीआरवी की दो गाड़ियां भी पहुंच गईं। पुलिस ने पकड़े गए युवक को हिरासत में लेते हुए पिस्टल को कब्जे में ले लिया। इस बारे में बड़ागांव थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि 2 गांव के लोगों में मारपीट हुई है। दोनों पक्ष से करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं दोनों पक्षों द्वारा तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हरहुआ क्षेत्र में जमकर हो रहा अवैध खनन यह भी बता दें कि हरहुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अवैध खनन जोरों पर चल रहा है। समाजसेवी और आरटीआई कार्यकर्ता राजेश नाथ पांडेय ने बताया कि पुलिस से शिकायत करने के बाद भी अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी कुछ दिन पूर्व अवैध खनन को लेकर हरहुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के वार गांव में दो खनन माफियाओं में जमकर कहासुनी हुई थी। वहां भी दोनों पक्ष की तरफ से असलहे निकाले गए थे और एक दूसरे को धमकी भी दी गई थी। हालांकि बाद में अवैध खनन में संलिप्त अन्य लोगों के समझाने पर किसी तरह मामला शांत हुआ। शुक्रवार को सायं काल अवैध खनन में संलिप्त एक ट्रैक्टर को ट्राली पर लदे मिट्टी समेत पुलिस ने पकड़ लिया था। पकड़ने के बाद शुक्रवार रात्रि में मिट्टी को हरहुआ पुलिस चौकी के समीप गिरवा दिया गया और ट्रैक्टर को छोड़ दिया गया।

## 22 मई को होगी भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : 2024 लोकसभा चुनावों की जीत सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं। भाजपा की जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक में जिला कार्यसमिति बैठक एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। भाजपा जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने बैठक को संबोधित




करते हुए पदाधिकारियों को लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष ने बताया कि 22 मई को जे के ग्रांड में होने वाली कार्यसमिति की बैठक को सभी पदाधिकारियों और आमंत्रित कार्यकर्ताओं को उपस्थित होकर सफल बनाना है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के नौ वर्ष पूर्ण करने पर जनता द्वारा दी गई बड़ी जीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में शुरू की गईं कल्याणकारी योजनाओं की अहम भूमिका रही है। इन्हीं योजनाओं को लेकर एक बार फिर जनता के बीच जाकर जनजागरण कर लोगों को विस्तार से कल्याणकारी योजनाओं के लाभ गिनाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री कर्मवीर सिंह संदीप सिंह प्रीतेश दीक्षित संजय सिंह गुड्डू विनोद राठौर जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन ओम वर्मा अनुराग मिश्र सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री अविनाश पांडे अजय शुक्ला मीना वर्मा जय देवी राजपूत नीतू चंद्रा कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश सिंह आईटी जिला प्रमुख सौरभ सिंह सोशल मीडिया प्रमुख प्रद्युम्न मिश्रा सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता एवं सत्यम शुक्ला मौजूद रहे।

## चुनाव में टिकट दिलाने का झांसा भी दे रहा था जालसाज संजय शेरपुरिया : ईडी कर रही है पड़ताल

लखनऊ ब्यूरो : जालसाज संजय राय शेरपुरिया बीते लोकसभा और विधानसभा चुनाव में नेताओं को टिकट दिलाने का झांसा दे रहा था। शेरपुरिया के इस फजीवाड़े की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पड़ताल शुरू कर दी है। सूत्रों की मानें तो नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय की चार सदस्यीय टीम ने लखनऊ आकर शेरपुरिया के संपर्क में रहने वाले नेताओं और अफसरों के बारे में भी छानबीन करना शुरू कर दिया है। टीम जल्द ही एसटीएफ मुख्यालय भी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक शेरपुरिया के दिल्ली के राइडिंग क्लब के ऑफिस में छापे के दौरान तमाम नेताओं के पोर्टफोलिया भी मिले थे। इनमें से अधिकतर नेता पूर्वांचल के हैं। आशंका जताई जा रही है कि बीते लोकसभा और विधानसभा चुनाव में शेरपुरिया ने टिकट दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम ली है। इसी वजह से इस मामले को भी ईडी ने अपनी जांच में शामिल किया है। लखनऊ में डेरा डाल चुकी ईडी की टीम पोर्टफोलियो वाले नेताओं को पूछताछ के लिए तलब करने की तैयारी में है। वहीं दूसरी ओर टीम जल्द ही एसटीएफ मुख्यालय जाकर शेरपुरिया के खिलाफ दर्ज मुकदमे की केस डायरी का अध्ययन भी करेगी। साथ ही, विभूति खंड पुलिस द्वारा



जुटाए गये सुबूतों और दस्तावेजों का ब्योरा भी जुटाएगी। रिमांड पर लेने की भी कवायद शेरपुरिया को मनी लांड्रिंग के केस में रिमांड पर लेने के लिए भी ईडी ने कवायद शुरू कर दी है। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो शेरपुरिया से अभी ईडी ने पूछताछ नहीं की है। उसके ठिकानों से बरामद सुबूतों के बारे में छानबीन के लिए रिमांड पर लेना जरूरी है। इसी वजह से शेरपुरिया और उसके साथी कासिफ को रिमांड पर लेने के लिए अदालत से अनुरोध किया जाएगा।

## खुले नाले में जा गिरी चलती बाइक : बलिया में नगर पालिका की लापरवाही से लोग परेशान : आए दिन हो रहे हैं हादसे

बलिया ब्यूरो : बलिया नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्र के अधिकांश नालों को नहीं ढका गया है, जो अब हादसों का सबब बन रहे हैं। इतना ही नहीं नाला खुला होने के कारण गंदे पानी में मच्छरों का प्रजनन भी तेजी से हो रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों के पनपने का भय बढ़ गया है। पालिका ने कुछ चुनिंदा नालियों को ढकने का इंतजाम किया है। बाकी वैसे ही खुले होकर हादसों को भी दावत दे रहे हैं। नपा की लापरवाही का शिकार शुक्रवार को देर शाम एक बाइक सवार हो गया। बिहार के सिमरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक परिवार की दो महिलाओं को लेकर बाइक से शहर में एक निमंत्रण में शामिल होने के लिए आया था। इसी दौरान लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने और एक होटल के समीप उसकी बाइक असंतुलित होकर खुले नाले में जा गिरी। इस घटना में बाइक पर सवार युवक और महिलाओं को चोटें भी आई। जबकि नाले से बाइक निकालने में उसे घंटों मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान मौके पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। यह घटना तो नपा की लापरवाही की महज बानगी भर है। शहर में नालों के खुला होने से इस तरह की घटनाएं अब आम हो चली है। इसके बावजूद नपा के जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं। इन स्थानों पर खुले है नाले, अक्सर होते है हादसे शहर के सतीश चंद्र कॉलेज चौराहा पर एनएच 31 के दोनों तरफ नाला खुला होने से आए दिन हादसे होते रहते हैं। एनएच 31 के समीप होने के कारण पर



गाड़ियों के आवागमन के दौरान हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसके अलावा इन नालियों में नन्हे–मुन्ने बच्चों के गिरने की आशंका रहती है। लोगों का कहना है कि लगभग इन नालों की गहराई चार से पांच फीट तक है। इसके अलावा चित्तू पांडेय चौराहा, टीडी कॉलेज चौराहा, जिलाधिकारी आवास, एसपी कार्यालय, कुंवर सिंह चौराहा से लेकर एनसीसी तिराहा तक, जगदीशपुर तिराहा समेत नगर के अन्य स्थानों पर खुले नाले हादसे को दावत दे रहे है। सफाई कार्य के दौरान नालों का ढ़क्कन हटाया जाता है और ढ़क दिया जाता है। अगर कहीं सफाई कर्मियों द्वारा नाले पर ढ़क्कन नहीं लगयाय गया है तो उसे शीघ्र ही ढ़क दिया जाएगा। –सत्य प्रकाश सिंह, ईओ, नगर पालिका, बलिया।

## सात महीने पूर्व अपहृत की गई विवाहिता बरामद : आरोपी फरार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा। सात माह पूर्व अपहरण की गई विवाहिता को पुलिस ने बरामद कर ली है वहीं आरोपी मौके से भाग निकला। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता को उसी गांव के राम जन्म उर्फ बड़के नामक युवक द्वारा बीते करीब सात महीने पूर्व अपहरण कर ले जा रहा था। विवाहिता के साथ ही उसकी तीन वर्षीय बच्ची भी उसके साथ थी। महीनों विवाहिता व उसकी बच्ची का पता न चलने पर विवाहिता की ननंद संगीता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि विवाहिता की बरामदगी के लिए उपनिरीक्षक चंद्रभूषण पांडे आरक्षी पीयूष गंगवार एवं महिला आरक्षी अंशिका यादव को लगाया गया था। उप निरीक्षक की टीम ने शनिवार को खरगूपुर इटियाथोक मार्ग पर भव निया पुर के निकट एक धार्मिक स्थल के पास से विवाहिता को उसकी बच्ची के साथ बरामद कर लिया वहीं आरोपी युवक मौके से फरार होने में सफल रहा। प्रभारी निरीक्षक श्री त्रिवेदी ने बताया कि बरामद महिला को परीक्षण एवं न्यायालय मे बयान के लिए महिला आरक्षी के साथ मुख्यालय भेजा जा रहा है।

## नहाते समय सरयू नदी में डूबे दो चचेरे भाई : दूसरे दिन बरामद हुए शव : मचा कोहराम

बलिया ब्यूरो : बलिया में थाना क्षेत्र के डूहा बिहरा गांव स्थित सरयू नदी में शुक्रवार की शाम रिश्तेदारी में आए दो युवक नहाते समय नदी में डूब गए। रिश्तेदारों व परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन दोनों के शव बरामद नहीं हो पाए। शनिवार की सुबह गांव के लोगों के प्रयास से दोनों युवक के शव बरामद कर लिए गए। घटना की जानकारी सिकंदरपुर पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष सिकंदरपुर दिनेश पाठक ने शव को कब्जे में ले लिया और अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उभांव थाना क्षेत्र के राजपुर पलिया खास गांव निवासी धीरज (20) पुत्र मोहन प्रसाद अपने बुआ के लड़के मऊ जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटघरा निवासी मोहित (19) के साथ सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के डूहा बिहरा गांव स्थित रिश्तेदारी में आया था। शुक्रवार की शाम को दोनों गांव के बगल में स्थित सरयू नदी में नहाने के लिए गए। नहाते समय डूब गए। जैसे



ही सूचना रिश्तेदारों को मिली पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजन भी देर शाम पहुंच गए, लेकिन शव का पता नहीं चला। शनिवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा जब खोजबीन शुरू की गई तो दोनों के शव नदी में मिल गए। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

## डॉ. मनोज मिश्र बने कार्यपरिषद सदस्य



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति ने जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र को विश्वविद्यालय कार्यपरिषद का सदस्य नामित किया है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने पत्र जारी करते हुए मई 2024 तक का उनका कार्यकाल निर्धारित किया है। विदित है कि डॉ मिश्र का 25 वर्षों से अधिक का शिक्षण तथा शोध का अनुभव है। डॉ मिश्र को पचास से अधिक संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं में शोध–पत्र प्रस्तुतीकरण तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित गया है। डॉ मिश्र की विज्ञान जागरूकता पर किए गए शोधा को प्रतिष्ठित विज्ञान पत्रिका "साइंस रिपोर्टर" में संदर्भित किया गया है। आपकी अनेक वार्ताएं विविध विषयों पर आकाशवाणी, वाराणसी केंद्र से प्रसारित हुई हैं। डॉ मिश्र ने विज्ञान जागरूकता पर एन.सी.एस.टी.सी, डी.एस.टी. भारत सरकार,नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त अनेक परियोजनाओं को पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों में सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। डॉ मिश्र उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त सेंटर आफ एक्सीलेंस –अनुवाद एवं कल्चरल क्लब के समन्वयक तथा विज्ञान प्रसार,भारत सरकार,नई दिल्ली के प्रकाशन विभाग द्वारा हिंदी में अनुवादित पुस्तकों के सम्पादक हैं। डॉ. मिश्र पिछले दो दशकों से विज्ञान संचार,लोक संचार, लोक संगीत एवं लोक संस्कृति के संरक्षण के क्षेत्र में सक्रियता से अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

## शिवाजी मार्ग लखनऊ व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा एवं हुआ भव्य स्वागत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शिवाजी मार्ग लखनऊ व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा एवं स्वागत मेरा मन होटल हुसैनगंज चौराहा में संपन्न हुआ। शिवाजी मार्ग लखनऊ व्यापार मंडल के चुनाव अधिकारी कपिल सिंघल ने बताया कि अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष तीन महामंत्री एक मंत्री तीन कोषाध्यक्ष एक सह–कोषाध्यक्ष एक एवं ग्यारह कार्यकारिणी सदस्यों के निर्वाचन हेतु 5 मई 2023 को अधिसूचना जारी की गई थी। जिसमें समस्त प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आज दिनांक 20 मई 2023 को सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी कपिल सिंघल जी ने बताया कि 'अध्यक्ष' पद पर गोपाल दीक्षित महामंत्री अतुल त्रिपाठी 'कोषाध्यक्ष' अभिनव गुप्ता 'उपाध्यक्ष' विभोर अग्रवाल पवन गुप्ता वैभव मिश्रा 'मंत्री' आशीष अग्रवाल अमित अग्रवाल अंकुर अग्रवाल 'सह कोषाध्यक्ष' करण नैयर एवं 'कार्यकारिणी सदस्य' शिवम रस्तोगी ,अनुराग अग्रवाल ,शहादत आलम, पुनीत लालचंदानी, शौर्य खंडेलवाल ,विनीत त्रिपाठी ,अजय भट्ट ,शशांक चौरसिया, रजत कारला ,आर मसूद, अंकुर गुप्ता ,सहित सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष गोपाल दीक्षित ने कहां कि आज हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि शिवाजी मार्ग व्यापार मंडल के सभी सम्मानित व्यापारियों ने मुझे अध्यक्ष पद निर्विरोध चुना और पुनः सेवा करने का अवसर प्रदान किया इसके



लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और और नमन करता हूं। महामंत्री अतुल त्रिपाठी ने कहा कि मेरे लिए सौभाग्य की बात है जो कि आप लोगों ने मुझे पुनः सेवा का अवसर प्रदान किया मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं की आप की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा और तन मन धन से सेवा करता रहूंगा सभी को बहुत–बहुत धन्यवाद आज की इस नव निर्वाचित सदस्यों के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमरनाथ मिश्र जी अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल उपस्थित रहे । सभी पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि जी को अंग वस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवाजी मार्ग व्यापार मंडल के संरक्षक केके अग्रवाल ,अशोक अग्रवाल ,मोहनलाल अरोड़ा ,सुरेन्द्र अग्रवाल ,हरिराम अग्रवाल ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय गोयल ,विक्रम अरोड़ा, देवेंद्र सिंह ,एवं समस्त कार्यकारिणी सहित सभी व्यापारी उपस्थित रहे।

## संत परमहंस कालेज के टॉपरों को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा विकास खण्ड के संत परमहंस इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में शनिवार को मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित करतें हुए मेडल प्रदान किया गया। मेधावी छात्र–छात्राओं को विद्यालय प्रबन्धक लालजी यादव पीआरओ एवं प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेशचन्द श्रीवास्तव द्वारा माल्यापर्ण कर स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रबन्धक लालजी ने विद्यालय के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावियों एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करतें हुए कहा कि शत प्रतिशत रिजल्ट व टॉपर बच्चों के लिए शिक्षकों का भी अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में बाधा नही आएगी जो छात्र–छात्राएं आर्थिक रूप से उच्च शिक्षा पाने में कठिनाई महसूस करें वे प्रधानाचार्य से मिले उनकी समस्याओं का निराकरण मैं करूंगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेशचन्द श्रीवास्तव ने मेधावियों को सम्मानित पश्चात कहा कि अपने मिशन में कामयाब होने के लिए आपको लक्ष्य के प्रति निष्ठावान होना होगा। जो छात्र लक्ष्य के करीब है उन्हें निराश होने की जरूरत नही है। मेधावी बच्चों में हाई स्कूल के छात्र पवन पाल, रिया यादव, संजीव यादव, अमन यादव, अनुज चौहान एवं इंटरमीडिएट की विभा यादव, रितेश राव, सायरा बानो, काजल यादव एवं शशांक सिंह सिंह को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय अध्यक्ष मुसाफिर सिंह, उप प्रबन्धक राममूर्ति यादव, अमरनाथ यादव, विशुनचन्द यादव, सुरेश यादव, ओंकारनाथ सिंह, रोहित कुमार, अमित कुमार सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहें।

## पुलिस प्रताड़ना से अजीज बीजेपी नेता ने खाया जहर : मचा हड़कम्प : निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शनिवार दोपहर उस समय जिले के भूचाल सा आ गया जब वर्तमान सत्ता के एक कार्यकर्ता ने बक्शा पुलिस पर प्रताड़ना करने का आरोप लगाते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री भोपाल सिंह उर्फ भोले ने शनिवार को जहरीला प्रदार्थ खा लिया है। और अपना वीडियो भी सोसल मीडिया पर वायरल कर दिया ।स्थानीय लोगो ने आनन फानन में उन्हें नगर के डॉ बीएस उपाध्याय के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।जहा उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। घटना के पीछे कारण बीते 14 मई दिन रविवार की भोर में गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पचाहटिया गांव के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार बक्सा थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ गांव के निवासी शिवजीत और सुजीत कुमार की दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने भाजपा नेता भोले सिंह की नेतृत्व में वाराणसी लखनऊ हाइवे को जाम करके धरना प्रदर्शन किया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर लाठियां भाजकर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया। उसके बाद बीजेपी नेता समेत 60 नामजद व 70 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने चक्का जाम करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है। बीते शुक्रवार को भाजपा नेता भोले सिंह ने अपने बयान का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करके आरोप लगाया कि पूर्व सांसद धनन्जय सिंह के दबाव में बक्शा थाने की पुलिस मुझे धनन्जय के पैरों पर झुकाना चाहती है। मेरे घर पर पुलिस दबिश देकर महिलाओं को प्रताड़ित कर रही है मेरा नमकीन का कारखाना तोड़ दी है। जिसके चलते मैं भाजपा कार्यालय पर जहर खाकर जान दे दूंगा। इस धमकी की बाद शनिवार को भोले सिंह बीजेपी कार्यालय न जाकर कुल्हनामऊ गांव में जाकर जहरिला प्रदार्थ खा लिया। हालात बिगड़ते देख मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें डॉ बीएस उपाध्याय के पास ले जाकर भर्ती कराया है। जहा उनका इलाज चल रहा है।घटना की जानकारी मिलते ही मौके



पर भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह महामंत्री सुशील कुमार मिश्रा सहित भाजपा के तमाम नेताओं ने पहुंचकर प्रकरण की जानकारी लिया वह इस मामले में पीड़ित भोपाल सिंह का आरोप है कि वह क्षेत्र की राजनीति कर रहे हैं एक मामले को लेकर उन्होंने ग्रामीणों के साथ रोड जाम किया था। जिससे पुलिस नाराज चल रही थी वही बसपा के पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कहने पर मुझे पुलिस आज एक हफ्ते से लगातार प्रताड़ित कर रही थी पुलिस ने मेरे घर में घुसकर मारा पीटा मेरी पत्नी को भी मारा मेरे नमकीन की फैक्ट्री में काम करने वाले वर्करों को मारा पीटा है।फैक्ट्री को तहस नहस कर दिया है। मुझे न्याय नहीं मिल रहा था इस कारण मैंने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। वहीं हॉस्पिटल पर जानकारी लेने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कुछ देर पहले सूचना मिली थी सिकरारा थाना क्षेत्र के सुरवारपट्टी गांव के भोले सिंह ने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया है सूचना मिलते ही हमारी पुलिस के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं मामले की जांच पड़ताल की जा रही है उन्हें निजी नर्सिंग होम डॉक्टर बीएस उपाध्याय के यहां भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टरों के हिसाब से उनकी हालत ठीक बताई जा रही है पीड़ित द्वारा सांसद धनंजय सिंह का नाम लिए जाने पर उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसे खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टया मामले को देखते हुए थाना अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह को बक्सा से हटाकर पुलिस लाइन संबद्ध कर दिया गया है।

# डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि एवं बचपन एक्सप्रेस न्यूज के बीच हुआ अनुबंध

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पत्रकारिता के छात्रों को मीडिया इंडस्ट्री में कॅरियर बनाने के लिए बचपन एक्सप्रेस न्यूज लखनऊ के मध्य एम.ओ.यू किया गया। शनिवार को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल एवं बचपन एक्सप्रेस न्यूज की प्रबंध संपादक मीना पाण्डेय के बीच विद्यार्थियों के इंटर्नशिप व ट्रेनिंग के लिए अनुबंध का आदान-प्रदान किया गया। इससे पहले विश्वविद्यालय के कुलसचिव उमानाथ एवं बचपन एकसप्रेस न्यूज की प्रबंध संपादक मीना के मध्य अनुबंध पर तीन वर्ष के लिए हस्ताक्षर किए गए। इस मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग होने से विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के छात्रों को बचपन एक्सप्रेस अखबार द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन इंटर्नशिप की सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त छात्रों को समय समय पर ऑनलाइन वर्कशॉप के माध्यम से उनको न्यूज राइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग और फिल्म एडिटिंग की ट्रेनिंग भी मिलेगी। इस एमओयू होने से विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के पत्रकारिता के विद्यार्थियों को मीडिया इंडस्ट्री में बेहतरीन ट्रेनिंग व सुविधा मिल सके इसके लिए एमओयू किया गया है। विद्यार्थी बचपन एक्सप्रेस न्यूज के माध्यम से देश विदेश के तमाम पत्रकारों एवं फिल्मी हस्तियों से रूबरू हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त इन्हें न्यूज राइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग और फिल्म एडिटिंग की ट्रेनिंग मिलेगी। इसमें पारंगत होने से विद्यार्थियों को मीडिया इंडस्ट्री में कॅरियर बनाने में आसानी होगी। बचपन एक्सप्रेस न्यूज लखनऊ की प्रबंध संपादक मीना पाण्डेय ने कहा कि बचपन एक्सप्रेस अपने सेमिनार और वर्कशॉप के माध्यम से अवध विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के छात्रों को न्यूज राइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग और फिल्म एडिटिंग की ट्रेनिंग प्रदान करेगा। इसमें शिक्षकों को भी शामिल किया जायेगा। जिससे ये देश विदेश के तमाम पत्रकारों एवं फिल्मी हस्तियों से विद्यार्थी और शिक्षक रूबरू हो सकेंगे। प्रबंध संपादक पाण्डेय ने बताया कि बचपन एक्सप्रेस पत्रकारिता शिक्षा एवं फिल्म मेंकिंग विषय पर लगातार छात्र-छात्राओं को मंच मुहैया कराता रहा है और उनको भविष्य की मीडिया के लिए ट्रेनिंग देता रहा है। अब मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में बचपन एक्सप्रेस और अवध विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के बीच संवाद न सिर्फ बढ़ेगा बल्कि उसके माध्यम से विभाग के छात्रों को सामूहिक ट्रेनिंग भी मिलेगी जिससे वे मीडिया इंडस्ट्री में अपना नाम दर्ज करा पाएंगे। एमसीजे के समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में विभाग का दूसरा एमओयू है। यह एमओयू विद्यार्थियों को मीडिया इंडस्ट्री में स्थापित करने में मददगार सिद्ध होगा। मौके पर बचपन एक्सप्रेस न्यूज के संपादकीय सलाहकार प्रो0 गोविन्द जी पाण्डेय, कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो आशुतोष सिन्हा, पृथ्वी एवं विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो0 जसवंत सिंह, डॉ0 आरएन पाण्डेय, डॉ0 अनिल कुमार विश्वा सहित अन्य मौजूद रहे।

# 63 बटालियन सीआरपीएफ नवीन मंडी अयोध्या प्रांगण में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।नवीन मंडी अयोध्या ( उत्तर प्रदेश ) में स्थित 63 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल प्रांगण में आतंकवाद विरोधी दिवस( एंटी टेररिज्म डे ) श्री छोटेलाल कमांडेंट 63 बटालियन सीआरपीएफ के नेतृत्व में मनाया गया इस अवसर पर सरकार राजारमन द्वितीय कमान अधिकारी 63 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल राणा प्रताप यादव उप कमांडेंट के अलावा अन्य अधिकारी गण/ अधीनस्थ अधिकारी गण वा जवान उपस्थित रहे ! आतंकवाद विरोधी दिवस के बारे में अवगत कराते हुए छोटेलाल कमांडेंट 63 बटालियन सीआरपीएफ ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस( नेशनल टेररिज्म डे ) प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है इसका उद्देश्य युवाओं को आतंकवाद के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना है यह दिवस आतंकवाद की असामाजिक गतिविधियों के बारे में सभी लोगों को जागरूक करता है। मई 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि होती है जिसे आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है स्वर्गीय श्री राजीव गांधी ने 1984 से 1989 तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। मई 1991 में तमिलनाडु के श्री पेरबंधुर में आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी थी बाद में स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा की गई यह दिन शांति और मानवता के संदेश को फैलाने और लोगों के बीच एकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। आज भारत में कश्मीर से दक्षिण भारत व पश्चिम भारत से लेकर पूर्वी राज्यों में आतंकवाद अपनी जड़े पसारे हुआ है, देश के अन्य कुछ राज्य जो कि नक्सलवाद की चपेट में है हमें इस आतंकवाद का डटकर मुकाबला कर जड़ से उखाड़ फेंकना है क्योंकि सीआरपीएफ को देश की संपूर्ण आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेवारी सौंपी गई है जो निरंतर आतंकवाद नक्सलवाद उग्रवाद जैसे आज सामाजिक संगठनों के विरुद्ध लड़ता रहा है जिसके फलस्वरूप काफी हद तक देश से आतंकवादी नक्सलवादी उग्रवादी गतिविधियां कम किया जा सका है। सीआरपीएफ के बहुत से अधिकारियों व कार्मिकों ने आतंकवाद नक्सलवाद उग्रवाद के विरुद्ध लड़ाई व कर्तव्यों के निर्वहन में अपने प्राणों की आहुति देकर शहादत को गले लगाया सीआरपीएफ के ऐसे वीर जवानों को याद कर हमें उनसे प्रेरणा लेनी है। इस आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर 63 बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने यह शपथ ले कि देश से आतंकवाद को खत्म करेंगे तथा देश में शांति व्यवस्था व अमन चैन को कायम रखेंगे।

## भाजपा नेता विशाल मिश्र ने दो हजार रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने के कदम को सराहा कहा इससे भ्रष्टाचारियो के मंसूबे हुए विफल

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।भाजपा नेता विशाल मिश्र ने दो हजार के नोट पर प्रतिबंध के फैसले का स्वागत करते हुए इस फैसले की सराहना की है उनके अनुसार बड़े नोट भ्रष्टाचार को बढ़ाने में सहायक होते हैं । उनके अनुसार वैसे भी बाजार में दो हजार के नोट बहुत ही कम दिखते थे इसका सीधा अभिप्राय यह है कि ऐसे नोट काले धन के रूप में डंप थे इस फैसले के बाद ऐसे डंप नोट अब केवल कागज के टुकड़े रह जाएँगे । विशाल मिश्र के अनुसार इस फैसले से बाजार में तरलता का और प्रवाह होगा जिससे की आर्थिक व्यवस्था और सुदृढ़ होगी ।अर्थव्यवस्था में मात्रात्मक के बजाय गुणात्मक सुधार होगे। इस फैसले का गरीबों की सेहत पर केवल सकारात्मक प्रभाव ही पड़ने है उनके पास नहीं है ज्यादा मात्रा में ऐसे नोट।

# बालिका शिक्षा को लेकर जागरूकता रैली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन में इंग्लिश एक्सेस माइक्रोस्कॉलरशिप प्रोग्राम की पूर्व छात्रा सुरभि कश्यप कहती है – "लड़कियों को पढ़ाने से राज्य एवं राष्ट्र का उद्धार हो सकता है." 20 मई 2023 को, स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन में इंग्लिश एक्सेस माइक्रोस्कॉलरशिप प्रोग्राम की पूर्व छात्रा सुरभि कश्यप ने लड़कियों की शिक्षा के अधिकार के लिए रैली का आयोजन किया। प्रेरणा गर्ल्स स्कूल, प्रेरणा बॉयज स्कूल और इंग्लिश एक्सेस प्रोग्राम के छात्रों ने इस रैली में भाग लिया। इस रैली में 200 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया द्य रैली का उद्देश्य बालिका शिक्षा के बारे में माता-पिता की जागरूकता बढ़ाना और उन्हें लैंगिक न्याय की आवश्यकता के प्रति जागृत करना था। यह मार्च दो गांवों उजरियाओं और गुवारी, गोमती नगर में निकाली गई। रैली एक बड़ी परियोजना का हिस्सा है जिसका उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों और शिक्षा के बारे में सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना और उन लड़कियों को नामांकित करना है जिनकी शिक्षा पर रोक लगा दी गई है। इस रैली स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन की फाउंडर डॉ उर्वशी साहनी, प्रेरणा गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल राखी पंजवानी, वाईस प्रिंसिपल रोली सक्सेना, आरोहिणी इनिशिएटिव की प्रोग्राम मैनेजर प्रियंका सक्सेना साथ उनकी टीम के सदस्य, इंग्लिश एक्सेस की कोर्डिनेटर जरीने गार्सिया और ग्लोबल शेपर्स की वाईस क्यूरेटर सानिया अशर ने इस रैली में हिस्सा लिया। सुरभि कश्यप ने लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देते हुआ कहा की "लड़कियों को पढ़ाने से राज्य एवं राष्ट्र का उद्धार हो सकता



है" और उन्होने रैली में मौजूद सभी लोगों को शिक्षा के अभाव से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। देश को आगे बढ़ना हैं, तो बेटियों को पढ़ना हैं, जब लड़किया शिक्षित हो पाएंगी, तभी तो वो कुछ कर के दिखा पाएंगी , जुबा की जंजीरो को तोड़ो, भारत की बेटियाँ अब तो कुछ बोलो जैसे नारे लगाए। छात्रों ने पोस्टर बनाकर व नुक्कड़ नाटक करके लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। छात्रों ने समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की और उन्हें एक प्रतिज्ञा लेने को कहा कि जब तक उनकी बेटियाँ पढ़ना चाहेंगी तब तक वे पढ़ाएंगे और शादी के लिए दबाव नहीं डालेंगे के लिए प्रोत्साहित किया। प्रेरणा गर्ल्स स्कूल की छात्रा शिवानी ने कहा, "शिक्षा ही लड़कियों को सशक्त बनाने का एकमात्र साधन है। यदि लड़कियों को शिक्षित किया जाता है, तो वे अपने अधिकारों को जानती हैं और वे उनके प्रति होने वाले अन्याय से लड़ सकती हैं।"

# साकेत महाविद्यालय में साकेत चित्रांश प्रदर्शनी सम्पन्न

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या के चित्रकला विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सृजित कृतियों की प्रदर्शनी 'साकेत चित्रांश' का आयोजन समारोह पूर्वक किया किया गया। इस मौके पर प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० अभय कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गीता सिंह द्वारा सरस्वती प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी में महाविद्यालय के चित्रकला विभाग के स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों पर एवं विभिन्न तकनीक के द्वारा अपने मनोभावों को अपने विचारों को रंगो-रेखाओं द्वारा कलात्मक अभिव्यक्ति की गई। प्रदर्शनी में कैनवास, कागज एवं विभिन्न पृष्ठभूमि पर सृजित लगभग 50 कलाकृतियों को अवलोकन के लिए लिए प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य प्रो० सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह प्रदर्शनी युवा कलाकारों के द्वारा अयोध्या के कला परिदृश्य में उनकी सहभागिता, संवेदना और कलात्मक अभिरुचि को व्यक्त कर रही है। यह प्रयास आने वाले समय में अयोध्या के कलात्मक उन्मेष में सहायक होगी। प्रदर्शित चित्रों में रंग योजना और विभिन्न आकृतियों के साथ ही साथ देवी-देवताओं के चित्रों में परंपरागत एवं स्थानीयता का प्रभाव होने के साथ ही साथ अयोध्या की



वास्तुकला के कलात्मक आयाम को भी अंकित किया गया। युवा कलाकारों ने अयोध्या की लोक-संस्कृति को व्यक्त करने वाली लोक-चित्रकला के द्वारा कलात्मक समृद्धि को व्यक्त किया। प्रदर्शनी में कमलवती, प्राची, सपना, अंशिका, प्रिया, गीता, वैष्णवी, पीयूष, अक्षय, दिनेश, सत्यम, शेषमणि, दीपिका, भारती, वर्णिका, विरेंद्र, प्रीति, वैशाली आदि छात्रों ने अपनी कृतियों के माध्यम से सहभागिता की। चित्र प्रदर्शनी का संयोजन चित्रकला विभाग की अध्यक्ष डॉ० कुमुद सिंह और अम्बरीष श्रीवास्तव ने किया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन प्राचार्य प्रो० सिंह के अतिरिक्त डॉ० सद्गुरु पुष्पम, डॉ० पूनम जोशी, प्रो० अशोक मिश्रा, डॉ० ऋचा पाठक, डॉ० निधि मिश्रा, डॉ० अनामिका माथुर ने किया।

## बिजली कटने पर हुआ पति पत्नी में विवाद : धारदार हथियार से विवाहिता को उतारा मौत के घाट

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में कंधरापुर थाना क्षेत्र के नामदारपुर गांव में शुक्रवार की देर रात बिजली कट जाने को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। इसके बाद पति ने धारदार हथियार से पत्नी पर कई प्रहार कर दिया। सिर में गंभीर चोट आने से पत्नी लहुलुहान हो गई। देवर उसे लेकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजवा दिया। वहीं आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की कवायद में पुलिस जुटी है। कंधरापुर के नामदारपुर गांव निवासिनी सुनीता (40) की गांव निवासी मुन्ना से दूसरी शादी हुई थी। पहले पति से सुनीता के दो पुत्र व एक पुत्री थे। मुन्ना से शादी के बाद भी उसे दो पुत्रियां हुई। शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे घर की लाइट अचानक चली गई। जिसे लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। कहासुनी के दौरान ही पति मुन्ना ने घर में रखे धारदार हथियार (बांका) से पत्नी सुनीता पर कई प्रहार कर दिया। जिससे सुनीता लहुलुहान होकर गिर पड़ी।



इसके बाद मुन्ना घर से फरार हो गया। सूचना पर सुनीता का देवर सुग्रीव मौके पर पहुंचा और उसे लेकर प्राइवेट अस्पताल चला गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सुनीता को मृत घोषित कर दिया। इस बीच सूचना पुलिस को भी दे दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। वहीं पुलिस ने आरोपित पति मुन्ना को हिरासत में लेकर थाने चली गई। जहां उससे घटना को लेकर पूछताछ करने में पुलिस जुटी है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। सुनीता के पहले पति के तीन व मुन्ना के दो बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

## आपसी विवाद में चटकी लाठियां : एक की मौत

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।पूरा बाजार अयोध्या थाना महाराजगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बनगवां में शुक्रवार को शाम लगभग 5 बजे आपसी विवाद में संतराम निवासी दलपतपुर मोती का पुरवा थाना महाराजगंज ने अपने 5-6 साथियों के साथ महेश शर्मा पुत्र रघुवीर निवासी बनगवां थाना महाराजगंज के ऊपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया जिसमें रघुवीर वा उनका पुत्र महेश शर्मा घायल हो गए जिनको जिला चिकित्सालय इलाज के लिए भेजा गया जहां चिकित्सकों ने महेश की स्थिति नाजुक देखते हुए मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया लखनऊ जाते समय रास्ते में ही महेश की मौत हो गई व गांव में सीओ सदर सहित पांच छह थानों की फोर्स तैनात है गांव में शांति व्यवस्था बनी है।

# अच्छी पैदावार के लिए उन्नतिशील बीजों का प्रयोग करना आवश्यक –प्रतीक बडोनी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : खेती के लिए केवल खाद पानी ही आवश्यक नहीं है बल्कि अच्छी पैदावार के लिए उन्नतशील बीजों का प्रयोग करना भी नितांत आवश्यक है । खराब या कमजोर बीज कभी भी किसानों को अच्छी पैदावार नहीं दे सकते। उक्त उद्गार श्रीराम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स के विपणन अधिकारी प्रतीक बडोनी ने यहां एक किसान गोष्ठी में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है इसलिए देश की अर्थव्यवस्था में किसानों का बहुत योगदान है जिस तरह देश की आबादी बढ़ रही है उसके लिए आवश्यक हो गया है कि हम खाद्यान्न उत्पादन में भी बढ़ोतरी करें । एक तरफ जहां आबादी बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर कृषि भूमि का क्षेत्रफल कम होता जा रहा है इन परिस्थितियों में अधिक उत्पादन करना नितांत आवश्यक है लेकिन इसके लिए हमें परंपरागत तरीको को छोड़कर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा सुझाए गए नियमों का पालन करना होगा तभी हम अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकेंगे । उन्होंने कहा कि साधारण बीजों के स्थान पर किसानो को हाइब्रिड बीजों का इस्तेमाल करना चाहिए । वर्तमान में श्री राम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स ने किसानों के लिए हाइब्रिड धान की अनेक प्रजातियां जैसे श्रीराम 744, श्रीराम 734 तथा श्रीराम खुशबू जैसे अनेक उन्नतशील बीज मार्केट में लाए हैं जिनका उपयोग कर किसान अधिक पैदावार ले सकते हैं ।उन्होंने किसानों को सलाह दी कि खेतों



में आवश्यकता से अधिक यूरिया डीएपी का इस्तेमाल ना करें तथा पौधे के लिए आवश्यक सूक्ष्म तत्वों का भी प्रयोग करें ताकि पौधों के लिए आवश्यक तत्व मिलते रहे । उन्होंने किसानों को समय-समय पर मृदा परीक्षण कराने के लिए भी प्रेरित किया ताकि मिट्टी में जिन तत्वों की कमी हो उसकी जानकारी समय रहते किसानो को मिल सके । गोष्ठी का आयोजन वितरक राठौर ब्रदर्स की ओर से किया गया। इस अवसर पर फील्ड सहायक गोपाल शुक्ला भी मौजूद रहे।

## पूरा कलंदर थाना स्थित केएम शुगर मिल में लगी आग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में अग्निकांड का सिलसिला थम नहीं रहा है।शनिवार की दोपहर पूरा कलंदर थाना स्थित केएम शुगर मिल की बगास मे भीषण आग लग गई।आग इतनी भयानक थी कि उस पर काबू पाने के लिये अग्निशमन विभाग की तीन – तीन दमकल आग बुझाने में लगी थी।अग्निकांड से आसपास अफरा तफरी का माहौल रहा।इस संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि के एमध शुगर मिल मसौधा के बागास में आग लगने की सूचना मिलते ही मुख्यालय से फायर ब्रिगेड की तीन टीमें भेजी गई है। जिसके चलते समय रहते दो घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया गया।आग कैसे लगी कैसे लगी यह जांच का विषय है।

# डीएम नितीश कुमार ने किया कम्पोजिट विद्यालय का उद्घाटन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कायाकल्प योजना, कम्पोजिट ग्रांट तथा क्रिटिकल गैप मदों से बनाये जा रहे दो और ग्राम पंचायतों में स्थित परिषदीय विद्यालयों यथा



इंग्लिश मीडियम स्कूल सनाहा तथा कम्पोजिट विद्यालय हाजीपुर तहसील सोहावल में स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्मार्ट क्लास रूम की उपलब्धता से बच्चें शिक्षा ग्रहण करने का एक आधुनिक दृश्य श्रव्य साधन उपलब्ध हुआ है जहां पर प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा बच्चों को रचनात्मक एवं सृजनात्मक शिक्षा प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि जनपद में इस वित्तीय वर्ष में 1000 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का निर्माण एवं संचालन प्रारम्भ करने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसमें से वर्तमान में लगभग 250 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का संचालन हो रहा है। 64 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाये जाने का कार्य चल रहा है जिसे आगामी 10 से 15 दिनों में पूर्ण कर उसका संचालन प्रारम्भ कर दिया जायेगा।इस मौके पर जिलाधिकारी ने स्मार्ट क्लास से सम्बंधित विद्यालयों के सभी शिक्षकों को स्मार्ट क्लास को बेहतर ढंग से संचालित करने हेतु सभी प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिशा निर्देश दिया।

## एसपी ने 6 उपनिरीक्षक सहित 27 पुलिसकर्मियों के किए तबादले

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने 06 उपनिरीक्षक सहित 27 पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण किया। एसपी राजेश द्विवेदी ने पीआरओ एसआई विवेक वर्मा को सण्डीला कस्बा पुलिस चौकी की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं सण्डीला



पुलिस चौकी के प्रभारी रहे एसआई धर्मेन्द्र चौधरी को साण्डी थाने में तैनात किया है। शहर की राधानगर पुलिस चौकी प्रभारी ऋषि कपूर को जेल चौकी का प्रभारी बनाया है और सण्डीला कोतवाली में अभियोजन कार्यालय से सम्बद्ध एसआई राजेश कुमार को राधानगर पुलिस चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। जेल चौकी प्रभारी एसआई मुकुल दुबे को गोपामऊ और गोपामऊ पुलिस चौकी के प्रभारी एसआई अनिल कुमार को पाली थाने में तैनात किया गया है। इसी तरह पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबिल जावेद खां को कछौना और बशारत अली को न्यायिक सम्मन सेल भेजा गया है। बेहटा गोकुल में तैनात हेड कांस्टेबिल शैलेश श्रीवास्तव को वहीं हेड मोहर्रिर बनाया गया है। वहीं सण्डीला कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबिल इरशाद अंसारी को पचदेवरा थाने भेजा गया है। इसी तरह एसपी ने 10 कांस्टेबिल और 7 महिला कांस्टेबिल को भी इधर से उधर तैनात किया है।

## श्री रामजन्मभूमि कनक भवन व हनुमानगढ़ी की ग्रीष्मकालीन झांकी 22 मई को

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। राम नगरी के श्री रामजन्मभूमि, कनक भवन व हनुमानगढ़ी की ग्रीष्मकालीन झांकी का आयोजन 22 मई दिन सोमवार को है। ज्येष्ठ मास की तपती गर्मी में भगवान को कूल-कूल रखने के लिए संतों ने फूल बंगले की झांकी के आयोजन की परंपरा शुरू की थी। उत्सव के रूप में आयोजित प्राचीन काल की यह परंपरा आधुनिक काल में भी कायम है। वह भी तब जब अधिकांश मंदिरों में पंखे व कूलर की व्यवस्था की जा चुकी है। इसी परंपरा को आज भी बड़ी शिद्दत से निभा रहें वृंदावन से उच्चकोटि के संत जगतगुरु पीपाद्वारचार्य बलराम देवाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में 22 मई सोमवार को रामजन्मभूमि में भगवान रामलला सरकार को कनकभवन में बिहारी सरकार व हनुमानगढ़ी में हनुमानजी की भव्य फूलबंग्ला झांकी सजायी जायेगी।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार-पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।